१०. उड़नपरी सुनीता विलियम्स

पाठ प्रवेश : यह पाठ अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स के जीवन, उनके व्यक्तित्व और कृतित्व को प्रस्तुत करता है तथा अंतरिक्ष संबंधी उनके उल्लेखनीय कार्यों के बारे में बताता है। सफल अंतरिक्ष वैज्ञानिकों की सूची में सुनीता विलियम्स का नाम प्रमुख है।

पाठ-उद्देश्य =
- नेवैज्ञानिक का परिचय देना
- अंतरिक्ष के रोचक अनुभव बताना
- वैज्ञानिकों को सम्मान देना
- महिलाओं को आगे बढ़ने की प्रेरणा देना

शब्द - मंजूषा

संस्कार - मानसिक व व्यवहारिक शिक्षा
गौरव - सम्मान
मेधावी - बुद्धिमान
रोचक - मनोरंजन
पेशा - वह व्यवसाय जिससे किसी की जीविका चलती हो।
नागरिक - किसी राज्य का वह निवासी जिसे उस राज्य में रहने या व्यापारादि करने का अधिकार प्राप्त हो
अंतरिक्ष - आकाश
मिशन - उद्देश्य
चयन - चुनना
सुखद - सुख देने वाला

प्र.१ निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) सुनीता विलियम्स किस पद पर कार्यरत हैं?
→ सुनीता विलियम्स एस्ट्रोनॉट तथा अमेरिकन नेवी में अधिकारी हैं।

(ख) सुनीता विलियम्स का जन्म कब हुआ था?
→ सुनीता विलियम्स का जन्म १९ सितंबर १९९५ में हुआ था।

(ग) सुनीता विलियम्स के पिता का क्या पेशा रहा है?
→ सुनीता विलियम्स के पिता का एक डॉक्टर पेशा रहा है।

(घ) एक अंतरिक्ष यात्री के रूप में सुनीता विलियम्स का चयन कब हुआ था ?

→ सन १९९८ में नासा ने एक अंतरिक्ष यात्री के रूप में उनका चयन किया।

प्र. 3 निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षेप में उत्तर लिखिए :

(क) सुनीता विलियम्स को किस कार्य का काफी ~~प्रभाव~~ अनुभव था ?

→ सुनीता विलियम्स को स्पेस स्टेशन के अंदर उड़ने का काफी अनुभव है।

(ख) सुनीता विलियम्स पर किसके संस्कारों का काफी प्रभाव पड़ा है ?

→ सुनीता विलियम्स पर भारतीय संस्कारों का काफी प्रभाव पड़ा है।

(ग) सुनीता विलीयम्स ने स्पेस वॉक करने का क्या रिकॉर्ड बनाया है ?

→ सुनीता विलीयम्स ने ५० घंटे तथा ४० मिनट तक स्पेस वॉक करने का भी रिकॉर्ड बनाया है।

(घ) जीरो ग्रेविटी में स्पेस स्टेशन के अंदर एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुँचने के लिए क्या करना होता है ?

→ जीरो ग्रेविटी में स्पेस स्टेशन के अंदर एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुँचने के लिए चलना नहीं उड़ना होता है।